सार-समाचार

विमंदित गृह में रक्षाबंधन मनाया

बूंदी (निसं)। रक्षाबंधन का पावन पर्व सामर्थ्य सोसायटी द्वारा सूर्योदय विमंदित गृह के बालकों के साथ मनाया। सोसायटी अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि आश्रम में रहने वाले ये बच्चे ऐसे हैं, जिनका कोई परिवार नहीं है परिवार के अभाव में इन बच्चों को ऐसा महसूस नहीं हो कि हमारे लिए रक्षाबंधन कोई त्यौहार ही नहीं है। इसलिए सोसायटी के सभी सदस्यों द्वारा बालकों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। माहेश्वरी ने बताया कि वर्तमान समाज में हम सबके सामने जो सामाजिक कुरीतियां आ रही है उन्हें दूर करने में रक्षाबंधन का पर्व सहयोगी हो सकता है। आज जब हम बुजुर्ग माता-पिता को सहारा ढूंढते हुए वृद्ध आश्रम जाते हुए देखते हैं, तो अपने विकास और उन्नित पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ पाते हैं। इस समस्या का समाधान राखी पर माता-पिता की जीवन भर हर प्रकार के दायित्व की जिम्मेदारी लेना हो सकता है। इस प्रकार समाज की इस मुख्य समस्या का समाधान हो सकता है। रक्षाबंधन का पावन पर्व केवल भाई बहन का पर्व ना मानते हुए हम सभी को अपने विचारों के दायरे को विस्तार करते हुए विभिन्न संदर्भ में इसका महत्व समझना होगा। यह अपनत्व और प्यार के बंधन से रिश्तों को मजबूत करने का पर्व है बंधन का यह तरीका ही भारतीय संस्कृति को दुनिया की अन्य संस्कृतियों से अलग पहचान देता है। कार्यक्रम के दौरान सोसायटी सदस्य अनीशा जैन, नम्रता शुक्ला,मोना शर्मा, हेमा सोनी, शालिनी सोनी और नेहा जोशी आदि उपस्थित रहे।

ब्राह्मण महासंगम के पोस्ट का विमोचन

बूंदी (निसं)। तीन सितंबर जयपुर में आयोजित होने वाले ब्राह्मण महासंगम कार्यक्रम को लेकर बूंदी में सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा कार्यक्रम के पोस्टर विमोचन का विमोचन ब्राह्मण समाज बंधुओ द्वारा एक निजी मैरिज गार्डन में किया गया जिसमें सभी समाज बंधुओ ने अपने-अपने विचार रखें वह दोनों राजनीतिक पार्टियों को चेतावनी दी की आने वाले चुनाव में ब्राह्मणों की उपेक्षा करना भारी पड सकता है। साथ ही महासंगम के आयोजन का एजेंडा भी समाज बंधुओ के सामने रखा सभी ने एक स्वर में 3 सितंबर को जयपुर जाने का उद्घोष किया लगभग 500 समाज बंधु उपस्थित रहे इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री मधुसूदन शर्मा, राष्ट्रीय सचिव संदीप देवगन ,प्रदेश संगठन मंत्री मनीष शर्मा ,पंडित ज्योति शंकर शर्मा ,प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा ,जिला अध्यक्ष अमरीश व्यास ,जिला प्रभारी कालू कटारा ,गौतम समाज जिला अध्यक्ष रघु शर्मा ,सीमा शर्मा महिला जिला अध्यक्ष, ममता शर्मा, मोनिका शर्मा ,इंदु शर्मा, गायत्री शर्मा, रामचंद्र शर्मा ,तुषार पारीक ,पार्षद रवि गौतम ,पार्षद आशीष शर्मा ,के पाटन ब्लॉक अध्यक्ष दीनबंधु गौतम ,युवा जिला अध्यक्ष दीपक पंचोली , कोटा जिला अध्यक्ष कौशल किशोर शर्मा ,मुकेश शर्मा , कुलदीप श्रृंगी पीयूष शर्मा, गंगाधर शास्त्री उदय प्रकाश शर्मा चंदन शर्मा ,इंद्र नारायण शर्मा ,राम प्रसाद शर्मा,यशवंत शर्मा,मनीष तिवारी,मुरली गौतम, उच्चब पंचोली, लोकेश शर्मा महावीर शर्मा ,राजेश शर्मा, मूलचंद शर्मा,अखिलेश झा, पूर्णानन्द वाशिष्ठ,राजेश शर्मा एवं समस्त बंधु उपस्थित रहे।

गरडदा बांध का पानी नदियों में छोड़कर सिंचाई हेतु दिया जाए : शर्मा

बून्दी (निसं)। विधानसभा क्षेत्र बून्दी में स्थित गरडदा बांध का पानी उसकी नदियों में छोड़कर किसानों को सिंचाई हेतु दिए जाने के संबंध में पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा ने जयपुर में सिंचाई मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय से मुलाकात कर चर्चा की। पूर्व मंत्री शर्मा ने बताया कि बांध की सभी नहरे बूरी तरीके से जर्जर स्थिति में है और उनका निर्माण कार्य अभी संभव नहीं है। उनके निर्माण कार्य की स्वीकृति अभी प्रस्तावित तौर पर विचाराधीन है। इस कारण नहरों में पानी नहीं छोडा जा सकता। शर्मा ने कहा कि इस पानी को बांध की नदियों के माध्यम से उसमें छोड़कर किसानों को सिंचाई हेतु दिया जा सकता है, जिससे कि आसपास के दर्जनों गांव के किसान लाभान्वित होंगे और वह उस पानी को अपनी फसल बचाने के लिए काम में ले सकेंगे। शर्मा ने बताया कि 315 एमएलडी घन क्यूबिक मीटर पानी बांध में स्थित है, जो कि नहर जर्जर होने के कारण और अन्य कोई सुविधा उपलब्ध न होने के कारण व्यर्थ हैं। इस पानी को अगर सिंचाई के लिए नदियों में छोडा जाता है, तो किसान वर्ग को एक बडी राहत प्रदान होगी और वह बर्बाद हुई फसलों को काफी हद तक बचा सकेंगे। इस संबंध में शर्मा ने सिंचाई मंत्री को पत्र सौंपकर कर जल्द इसकी स्वीकृति प्रदान करने को कहा, जिससे क्षेत्र के किसानों को राहत प्रदान हो।

यूआईटी सचिव ने आवंटन पत्र सौंपा

कोटा, (निसं)। ग्रेटर प्रेस क्लब लगातार अपनी कार्ययोजनाओं पर कार्य कर रहा है, जिसके तहत उन्होंने ग्रेटर प्रेस क्लब की गतिविधियों को संचालन के लिए यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल से भवन उपलब्ध कराए जाने के लिऐं मांग की थी। यूडीएच मंत्री ने आश्वस्त किया था कि शीघ्र ही भवन उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। उसके बाद यूआईटी को भवन उपलब्ध कराए जाने के लिए जगह चिन्हित करने के लिए कहा और उसी के चलते यूआईटी ने बजाजखाना लाल हवेली योजना के प्रथम तल केत की चौकी पर कार्य संचालन के लिए आवंटन पत्र सौंपा। यूआईटी सचिव राजेश जोशी ने मंगलवार को ग्रेटर प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील माथुर, संरक्षक केएल जैन, कय्यूम अली, कोषाध्यक्ष बद्रीप्रसाद गौतम, संयुक्त सचिव चन्द्र प्रकाश (चंदू) को आवंटन पत्र सौंपा। क्लब को नया भवन मिलने पर अध्यक्ष सुनील माथुर व पूरी कार्यकारीणी ने यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल का आभार व्यक्त किया है। माथुर ने कहा कि क्लब की गतिविधियों को अब शीघ्र ही वहां से संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी क्लब सदस्यों में हर्ष हैं।

महिलाओं ने निःशुल्क यात्रा का लाभ उठाया

बून्दी (निसं)। रक्षाबंधन पर्व पर महिलाएं राजस्थान सरकार द्वारा रोड़वेज बसों में नि: शुल्क यात्रा का लाभ इस बार दो दिन लाभ ले सकेगी। यह पहला अवसर है जब महिलाओं को रोड़वेज बसों में दो दिन तक नि:शुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा। जबकि पूर्व में महिलाओं को 24 घंटे रात्रि 12 बजे से दूसरे दिन रात्रि 12 बजे तक ही इस सुविधा का लाभ मिलता था। अब दो दिन रोड़वेज बसों में नि:शुल्क यात्रा के चलते बहिने अपने दूर दराज के भाई को राखी बांधने जा रही है। महिलाओं के नि:शुल्क यात्रा के चलते बुधवार को राजस्थान रोडवेज की सभी बसें खचाखच भरी हुई नजर आई। कई बसों में तो महिलाओं को खड़े होकर भी यात्रा करनी पडी। कोटा व बून्दी के रोड़वेज बस स्टेण्डों पर महिलाओं सहित यात्रियों को बसों का इंतजार करना पडा। जिससे बस स्टेण्डों पर चहल पहल बनी रही। रोडवेज बस स्टैंड परयात्रियों की अत्यधिक भीड़ नजर आई जिनमें अधिकांश महिलाएं और युवतियां थी। यात्री भार अधिक होने के कारण अन्य दिनों की अपेक्षा बस स्टैंड पर वसों का आवागमन भी कम ही रहा, ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पडा।

शिवाजी पार्क में पेड़ों के रक्षा सूत्र बांधे

कोटा, (निसं)। मॉर्निंग क्लब शिवाजी पार्क की टीम द्वारा डीसीएम रोड स्थित छत्रपति शिवाजी पार्क में पेड़ों के रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि हम सब पार्क में प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक पर आते हैं और यहां के पेड़ हमें हमारे प्राणों की रक्षा करने वाली ऑक्सीजन गैस देते हैं इसलिए प्राण रक्षक पेड़ों को मॉर्निंग क्लब के सभी सदस्यों ने रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया। और सभी सदस्यों ने इन पेड़ों की रक्षा करने का संकल्प लिया किस अवसर पर मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, महामंत्री डीके मीणा, ओम खाजोतिया, महावीर वर्मा, सुरेश कहार, विष्णु पंकज, महावीर जैन, धर्मेंद्र अग्रवाल, राजेश वर्मा, मोहीन खान, इकबाल, महावीर मेघवाल, डॉक्टर योगेंद्र, चंद्रप्रकाश महावार, नारायण सिंह, सत्यम पारेता, सचिन मेघवाल, सीताराम आदि उपस्थित थे।

हार्टअटैक से मौत

बूंदी (निसं)। पुलिस लाइन में तैनात रिजर्व पुलिस इंस्पेक्टर आर आई विजय बहादुर सिंह की हाथ अटैक से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहादुर अपने भांजे को दिखाने जिला अस्पताल गए थे। जहां अचानक हार्ट अटैक आने से उनकी मौके परी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विजय बहादुर बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थे और पुलिस लाइन में तैनात थे। चार माह बाद उनका रिटायरमेंट होने वाला था। विजय बहादुर के आर्ट अटैक से मौत की सूचना से पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर फैल गई। सूचना पर अधीक्षक जय यादव ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां, पुलिस उपाधीक्षक ओमेंद्र शेखावत, कोतवाल सहदेव सिंह सहित पुलिस लाइन के अधिकारी व जवान अस्पताल पहुंचे।

'शुद्ध के लिये युद्ध अभियान' के तहत खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिये



खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने कार्रवाई करते हुए 12 से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिये।

झालावाड़ (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.एम.सैय्यद ने बताया कि राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश की जनता को शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु राखी के त्यौहार को देखते हुए 28 अगस्त 2023 से शुद्ध के लिये युद्ध अभियान आरम्भ किया गया है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान सरकार के निर्देश पर संपूर्ण राजस्थान में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत बुधवार को अभिहित अधिकारी के तत्वाधान में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा कार्रवाई करते हुए 12 से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के 4 नमूने लिए गये। जिनको जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला कोटा भिजवाया जा रहा है। जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर पाए गए अवमानक, मिथ्या छाप व असुरक्षित खाद्य नमूनों के विरुद्ध खाद सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ.जी.एम.सैय्यद ने बताया कि अभियान के दौरान अब तक झालावाड जिले के विभिन्न तहसीलों से मावा मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों के 33 नमूने लिय गए हैं। ज्ञात रहे वर्ष 2023 में अब तक लगभग 400 से अधिक नमूने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा लिए जा चुके हैं। साथ ही मोबाईल फूड टेस्टिंग लेब द्वारा करीब 10 से 15 स्थानों पर विभिन्न खाद्य पादर्थो की जॉच की गई। खाद्य सुरक्षा दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण सक्सेना व गोविंद सहाय गुर्जर व सहायक बालमुकुंद अहीता शामिल रहे। शुद्ध के लिये युद्ध अभियान सतत् रुप से जारी रहेगा।

मोक्ष कल्याण हर्षोल्लास से मनाया

छबड़ा, (निसं)। स्थानीय दिगंबर जैन समाज ने बुधवार को 11वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांश नाथ का मोक्ष कल्याण हर्सोलास एवं धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पूजा-अर्चना कर निर्माण लाडू चढ़ाया। जिसमें हर उम्र के महिला-पुरुषों ने उत्साह से भाग लिया। जानकारी के अनुसार बुधवार को जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर श्रेयांश नाथ भगवान का मोक्ष हुआ था, इस उपलक्ष में दिगंबर जैन समाज द्वारा भगवान का मोक्ष कल्याणक हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। सुबह सवेरे भगवान की अभिषेक शांति धारा की गई। उसके बाद निर्माण कांड पढकर निर्माण लाडू चढ़ाया गया।

स्टूडेंट्स ने रक्षा सूत्र बांधे

■ **कोई मुश्किल बड़ी नहीं, हम सब साथ हैं**

कोटा, (निसं)। रक्षाबंधन का नाम सुनकर हर बहन के चेहरे पर मुस्कान खिलखिलाने लगती है। यह दिन वर्षभर में उनके लिए सबसे प्यारा होता है। भाई के लिए भी यह दिन उतना ही प्यारा होता है। लेकिन बुधवार को कोचिंग सिटी कोटा में टीचर और स्टूडेंट्स के बीच एक अनूठा और अटूट रिश्ता बना। छात्र-छात्राओं ने मिलकर टीचर्स की कलाई पर राखी बांधी और टीचर्स ने भी उनको सुरक्षा का वचन दिया।

मोशन के विद्यार्थियों ने बुधवार को नीट डिवीजन के दक्ष, जेईई डिवीजन के द्रोणा और ध्रुव कैंपस में शिक्षकों को रक्षा सूत्र बंधे। मोशन एजुकेशन के संस्थापक और सीईओ नितिन विजय ने रक्षा सूत्र बांधते समय विद्यार्थियों से कहा कि कोई भी मुश्किल हो, टीम मोशन हमेशा आपके साथ हैं। मैं हर कठिनाई की घड़ी में आपका साथ दूंगा और इस राखी का मान रखूंगा। उन्होंने कहा कि प्रेम ही है जो हर तनाव दूर कर सकता है। स्नेह की डोर जुड़ जाए तो से रिश्ता और गहरा हो जाता है। रक्षा बंधन स्नेह, प्रेम का पर्व है और बच्चों ने मुझे अपने प्रेम की डोर में बंधा है। यह प्रेम कोटा आने वाले बच्चों के लिए मन में कर्तव्य के भाव को और पुख्ता कर रहा है। मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि इन बच्चों और शिक्षा के लिए कुछ विशेष कर पाऊं। इन बच्चों को कोई तकलीफ होती है तो हम हमेशा इनके साथ खड़े नजर आएंगे। इस दौरान छात्र शिवानी ने बताया कि उसका घर कोटा से बहुत दूर है और ज्यादा छुट्टी भी नहीं है।

घर नहीं जा पाने के कारण मन उदास था। एनवी सर को राखी बांध कर मन प्रसन्न हो गया। एक अन्य छात्र प्रेरणा ने कहा कि आज मोशन में रक्षा सूत्र बांधकर विद्यार्थियों ने शिक्षको की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य, तरक्की और उज्जवल भविष्य की कामना की है और टीचर्स ने हर मुश्किल में हमारी रक्षा का वादा किया है।

आईईएसओ में एलन के विद्यार्थियों को दो गोल्ड, चार सिल्वर एवं छह ब्रॉन्ज मेडल

■ **अंतरराष्ट्रीय भूविज्ञान शिक्षा संगठन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड आयोजित**

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया है। अंतरराष्ट्रीय भूविज्ञान शिक्षा संगठन (आईजीईओ) की ओर से आयोजित 16वें इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड (आईईएसओ) के अंतिम चरण में एलन के विद्यार्थियों ने दो गोल्ड, चार सिल्वर एवं छह ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए हैं।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि बीजिंग चीन में 20 से 26 अगस्त तक वर्चुअल मोड में आयोजित 16वें आईईएसओ ओलंपियाड के अंतिम चरण में आठ विद्यार्थियों की टीम ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। जिसमें छह विद्यार्थी एलन से थे। इनमें कक्षा 10वीं में अध्ययनरत ऋग्वेद दिनेश गुप्ता, दक्ष लाहोटी, मान्या जैन, अर्पिता मौया, 11वीं कक्षा से बद्री विशाल.के एवं 12वीं कक्षा के क्षेमान्हा नागी शामिल हैं। आईईएसओ के फाइनल में विभिन्न प्रकार की अलग-अलग परीक्षाएं होती हैं। जिसमें अर्थ साइंस प्रोजेक्ट (ईएसपी) में दक्ष लाहोटी ने गोल्ड, मान्या जैन व बद्री विशाल ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसी प्रकार डाटा माइनिंग टेस्ट (डीएमटी) में क्षेमान्हा नेगी ने गोल्ड, दक्ष लहोटी व ऋग्वेद ने सिल्वर मेडल हासिल किया। जबकि नेशनल टीम फील्ड इंवेस्टिगेशन (एनटीएफआई) में ऋग्वेद गुप्ता, क्षेमान्हा नागी ने सिल्वर, दक्ष लाहोटी, अर्पिता मौर्या, मान्या जैन, बद्री विशाल ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया है। डॉ. माहेश्वरी ने बताया कि आईईएसओ के तहत पहले चरण में नेशनल लेवल की एंट्रेंन्स परीक्षा (ईटी) के बाद कुल 36 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण यानी ट्रेनिंग कैम्प एंड इंडियन नेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड (आईएनईएसओ) के लिए हुआ था। इन 36 विद्यार्थियों में से 13 विद्यार्थी एलन से थे। पहला चरण 10 जून को हुआ था। दूसरे चरण के लिए चयनित विद्यार्थी 25 जून से 10 जुलाई तक वर्चुअल मोड में आयोजित ट्रेनिंग कैम्प में शामिल हुए। जिसके बाद कुल आठ विद्यार्थियों को चाइना के बीजिंग में होने वाले आईईएसओ 2023 के फाईनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया था। जिसमें छह विद्यार्थी एलन से थे। स्टूडेंट्स में अर्थ साइंस के प्रति जागरूकता लाने और इस विषय में रूचि बढ़ाने के लिए यह ओलम्पियाड आयोजित किया जाता है।

डॉ अखिल अग्रवाल के खिलाफ थाने में परिवाद पेश किया

कोटा, (निसं)। कोटा शहर की छवि को लेकर पिछले दिनो भ्रामक प्रचार को लेकर कोटा के हॉस्टल व्यवसाईयो मे भारी आक्रोष व्याप्त है। कल स्टार न्यूज चैनल पर कोटा के जवाहर नगर निवासी डॉ. अखिल अग्रवाल द्वारा एक टॉक शॉ के दौरान समस्त कोटा के वाशिंदों को लूटेरा कोचिंग संचालको एव हॉस्टल व्यवसाईयो एवं किराना स्टेशनरी एवं अन्य व्यवसाय को लूटेरा बताया गया और उन्हें विद्यार्थियो का एटीएम भी बताया गया साथ ही पुलिस एवं जिला प्रशासन को भी निकम्मा बताते हुए शहर में गांजे भी बिक्री एवं सेक्स स्कैण्डल चलवाने का भी आरोप लगाया गया है।

जो कोटा शहर की छवि के लिए अशोभनीय कृत्य है। इसी को लेकर कोटा डिस्ट्रिक्ट सेन्टर हॉस्टल एसोसियेशन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी सचिव अनिल अग्रवाल चम्बल हॉस्टल एसोसियेशन के अध्यक्ष भगवान बिरला सचिव अशोक लड्डा पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा शुभम अग्रवाल कोटा हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन मित्तल, कोरल पार्क हॉस्टल एसोसियेशन के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, न्यू कोटा हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक लोढ़ा सचिव राजीव भैय्या सहित कई हॉस्टल व्यवसाईयों ने जवाहर नगर थाने में जाकर वहां के थाना अधिकारी के समक्ष परिवार पेश करते हुए कहा इस तरह के गलत वक्तव्य देकर कोटा की छवि खराब करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

कोटा व्यापार महासंघ महासचिव अशोक माहेश्वरी ने बताया कि जिस तरह से कोटा के ही निवासी डॉक्टर अखिल अग्रवाल द्वारा जिस तरह की भाषा का उपयोग किया गया है वह पूरे शहर के लिए असहनीय है कोटा के हर वर्ग द्वारा अपनी कड़ी मेहनत से बेहतरीन परिणाम देकर कोटा की शैक्षणिक नगरी के रूप में अपनी पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई है जिसके परिणाम जाग जाहीर है इसके पीछे यहां के हर वर्ग का योगदान रहा है लेकिन कई बार कई विषयों को लेकर कोटा की छवि को धूमिल करने के प्रयास किए गए जिसका कोटा शहर के सभी वर्गों ने मिलकर संयुक्त रूप से मुकाबला कर षड्यंत्रकारियों के इरादों को नाकाम किया है।

माहेश्वरी ने कहा कि निश्चित ही इस समय आत्महत्या एवं अन्य चुनौतियों हमारे सामने खड़ी हुई है जिसके समाधान के लिए हम सब निरंतर प्रयास कर रहे है लेकिन असली चुनौती उन षड्यंत्रकारियो से है जो कोटा शहर की छवि को धूमिल कर यहां की अर्थव्यवस्था को चौपट करने में लगे हुए हैं ऐसे गलत इरादों को किसी भी हालत में कामयाब नहीं होने दिया जाएगा क्योंकि कोटा कोचिंग वर्तमान में कोटा में रोजगार एवं अर्थव्यवस्था की में मेन धुरी है जिसको डैमेज करने के लिए कई अदृश्य शक्तियां कई वर्षों से प्रयास कर रही है और हर अवसर की तलाश कर उसे पूरे देश में गलत ढंग से प्रचारित कर राष्ट्रीय स्तर पर कोटा की छवि को धूमिल करने की कोई कसर नहीं छोड़ रही है कोटा का सभी वर्ग किसी भी हालत में कोटा की छवि को खराब नहीं होने देगा ना हीं किसी को करने देगा।

कैदियों को राखी बांधी, अपराध छोड़ने का वचन लिया

कोटा में कैदियों के रक्षा सूत्र बांधे गए हैं।

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल ने बुधवार को सेंट्रल जेल पहुंचकर राखी का त्यौहार मनाया। क्लब अध्यक्ष सुनीता काबरा ने बताया कि रक्षाबंधन के पवित्र पर्व पर रक्षाबंधन से क्लब की महिला सदस्य केंद्रीय जेल पहुंच कर कैदियों,जेलर व अन्य पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बंधा।

काबरा ने बताया कि केंद्रीय कारागृह के कैदियों को राखी बांधकर उन्हें जीवन में समाजहित में कार्य करने का संदेश दिया। साथ ही भविष्य में अपराध की राह छोड़कर बेहतर जीवन के मार्ग पर बढ़ने का वचन लिया। सेंट्रल जेल की अधीक्षक जेल अधीक्षक परमजीत सिंह सिद्धू, जेल उपाधीक्षक जसवंत सिंह भी वहां उपस्थित रहे। उन्होने बताया कि रोटरी क्लब सेंट्रल की महिलाओं ने केंद्रीय कारागृह पहुंचीं पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सलाखों के पीछे खड़े 150 बंदियों को राखी बांधी। काबरा ने बताया कि कैदियों जब रक्षासूत्र बंधा गया तो उन्हे नम आंखो से पैर छूकर अपना आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हमारी इस वर्ष की राखी सबसे अच्छी बनी है। उन्होंने कहा कि परिवार के साथ हम राखी नही मना सकते आपसे बहन का स्नेह पाकर हमारी यह राखी यादगार हो गई। इस अवसर पर क्लब की महिलाओं ने मिलकर बहन-भाई के प्रेम का गीत भी गाया। कैदियों ने जमकर तालियां बजाई और रोटरी क्लब की महिलाओं का उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम डायरेक्टर उमा पालीवाल एवं प्रतीक्षा पारीक रहे। इस असवर विनोद काबरा रोटेरियन आरती फतेहपुरिया रोटेरियन प्रिया अरोड़ा ससहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

सार-समाचार

एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। कोटा में डेंगू का प्रकोप तजी से देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही अन्य बीमारियों में भी अब एसडीपी चढ़ाऐं जाने के लिए डॉक्टर सलाह दे रहे हैं। ऐसे में बूंदी निवास मैरिज संजना कुमारी बी पॉजिटिव की प्लेटलेट निरंतर घटती जा रही थी महिला की डिलीवरी होनी थी और ब्लडिंग भी हो रही थी। ऐसे में चिकित्सकों ने एसडीपी चढ़ाऐं जाने की सलाह दी। पति आकाश मीणा लगातार परेशान हो रहे थे। रात 3.00 बजे से वह लोगों से एसडीपी के लिए संपर्क कर रहे थे लेकिन व्यवस्था नहीं हो सकी। टीम जीवनदाता के संस्थापक व संरक्षक भुवनेश गुप्ता को फोन किया तो उन्होंने सुबह जल्दी एसडीपी के लिए कहा ।और उन्होंने वात्सल्य कोचिंग के अजय सिंह और अंकित पोरवाल को कॉल कर किसी को भेजने का अनुरोध किया। उन्होंने इंजीनियरिंग छात्र रिपुंजय सिंह से संपर्क किया तो वह सहज ही तैयार हो गए और उन्होंने सुबह इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं जाने का निर्णय किया और सेवा को प्राथमिकता देते हुए जल्दी सुबह अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और पहली बार एसडीपी डोनेट की। रिपुंजय के चाचा अजय सिंह व अंकित पोरवाल पिछले कई सालों से रक्तदान और एसडीपी के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। ऐसे में संस्कार परिवार से ही मिले हुए थे, रिपुंजय सिंह तीन बार ब्लड डोनेशन भी कर चुके हैं। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कोटा में लगातार एसडीपी की आवश्यकता हो रही है। ऐसे में नए लोगों को रिपुंजय सिंह की तरह ही आगे आना चाहिए।

हमले के आरोप में दो सगे भाई गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कुन्हाड़ी थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोप में दो सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। दोनों भाई सोमवार को रोड़ पर खड़े होकर नशा कर रहे थे। टोकने ने दोनों भाईयों ने पड़ोसी पर चाकू से हमला कर महिला समेत तीन को घायल कर दिया था। घटना के दो दिन बाद पुलिस ने आरोपी लक्की उर्फ कौशल (25) व राजेश उर्फ मनमोहन (22) निवासी ओम बन्ना मंदिर के पास चंबल कॉलोनी को गिरफ्तार किया। उनके पास से वारदात में काम मे लिया गया चाकू बरामद किया। कुन्हाड़ी थाना सीआई गंगासहाय ने बताया 28 अगस्त को चम्बल कॉलोनी निवासी मो.शबराती ने लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में बताया था कि शाम को उसके मकान के सामने पड़ोसी राजेश व उसका भाई लक्की चिलम पी रहे थे। गंध आने पर उनको टोका ओर दूसरी जगह जाकर नशा करने को कहा। इसी बात से नाराज होकर दोनों भाईयों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। धक्का-मुक्की की। उन्होंने मुझे नीचे गिरा दिया। मुझे नीचे पड़े देखकर मेरे दोनों बेटे साहिल व सोहिल दौड़कर आए। राजेश व लक्की ने उनपर चाकू से वार किया। पत्नी रोशन आरा बचाने आई तो उसपर भी चाकू से हमला किया। और मौके से फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। दोनों आरोपियों को मंगलवार को सकतपुरा कुन्हाड़ी इलाके से गिरफ्तार किया है।

महिला ने नदी में कूदने का प्रयास किया

कोटा, (निसं)। नयापुरा थाना इलाके में एक महिला ने चंबल नदी में कूदने की कोशिश की। गनीमत रही कि उसी दौरान एक पुलिसकर्मी वहां से गुजर रहा था, उसने देखा तो तुरंत महिला को रोका और कंट्रोल रूम पर जानकारी देकर थाने पहुंचाया। महिला अपने पति से परेशान थी। कॉन्स्टेबल अशोक ने बताया कि उसकी ड्यूटी फिलहाल पुलिस लाईन में लगी हुई थी। वह किसी काम से कुन्हाड़ी की तरफ जा रहा था। इस दौरान चंबल पुलिया पर एक महिला को देखा जो पुलिया की दीवार पर चढ़ने की कोशिश कर रही थी। शक होने पर अशोक ने बाइक रोक दी और महिला के पास जाने लगा। इसी दौरान महिला दीवार पर चढ़ गई। अशोक ने दौड़कर महिला को पकड़ा और कंट्रोल रूम को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद महिला को पुलिसकर्मियों ने थाने लाकर पूछताछ की। महिला ने बताया कि उसका पति ऑटो चलाता है और रोज उसके साथ मारपीट करता है। बुधवार को भी उसके साथ मारपीट की, जिससे परेशान होकर वह चंबल नदी में कूदने के लिए आ गई थी। महिला के घरवालों को बुलाया जा रहा है। इधर, एसपी शरद चौधरी ने महिला की जान बचाने पर कॉन्स्टेबल अशोक को पांच हजार के इनाम की घोषणा की है।

शहर में फोगिंग शुरू कराई

झालावाड (निसं)। झालावाड अस्पताल में बढ रहे स्क्रब टायफस और डेंगू रोगियों के कारण सतर्कता बरतते हुए सभापति संजय शुक्ला ने शहर में फोगिंग का अभियान शुरू किया है। मंगलवार शाम को वार्ड 11 में फोगिंग की गई। आगामी दिनों में पूरे शहर में फोगिंग की जाएगी। झालावाड मेडिकल कॉलेज में इन दिनों स्क्रब टायफस, डेंगू सहित मौसमी बीमारियों के रोगी बढने का समाचार गत दिनों समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ। इस पर सतर्कता बरतने के लिए सभापति संजय शुक्ला ने तुरंत शहर के विभिन्न मोहललों और कॉलोनियों में फोगिंग कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम को वार्ड 11 में फोगिंग कराई जाएगी। आगामी दिनों में अन्य वार्डों में धुंए की फोगिंग होगी ताकि बीमारियां फेलाने वाले कीट और मच्छरों को नष्ट किया जा सके। नमी और पानी भरे स्थानों पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। इसके अलावा शहर में खाली पडे भूखंड जिन पर झाडियां उग आई है उनकी सफाई के लिए भूखंड मालिकों को नोटिस दिए जाएंगे। जबकि सरकारी भूमि और सडकों आसपास उगी झाडियों को नगर परिषद की ओर से साफ करने के लिए नगर परिषद दस्ते को निर्देश दिए हैं।

दो मकान में चोरी हुई

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दो मकानों में सेंध लगाई। सिलेंडर, टीवी, सोने चांदी के जेवर सहित नगदी लेकर फरार हो गए। पीड़ितों ने चोरी की शिकायत थाने में दी है। बापू कॉलोनी निवासी भुवनेश कटारा ने बताया कि राखी का त्यौहार मनाने परिवार के साथ शनिवार को अपने ससुराल भरतपुर गए थे। मंगलवार सुबह पड़ोसी ने मकान के ताले टूटने की सूचना दी। दोपहर में कोटा पहुंचा तो मकान में सामान बिखरा पड़ा था। सम्भवतया: सोमवार की रात को अज्ञात बदमाश घर मे घुसे। बदमाश ने मैन गेट का ताला तोड़ा। फिर अंदर दरवाजे के लगे ताले का कुंदा ही उखाड़ दिया। अलमारी में रखे सोने व चांदी के जेवर और 3-4 हजार की नगदी पार कर ली। भुवनेश रेलवे बैंक यूनियन में कर्मचारी है। किराए से कमरा लेकर रहते हैं। इधर पुरानी रेलवे कॉलोनी निवासी फिरोज खान के मकान में भी बदमाश ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। फिरोज ने बताया कि वो ट्रैक मैंटेनर है। तबीयत खराब होने पर 18 अगस्त को अपने गांव सवाई माधोपुर गए थे। वहां हॉस्पिटल में भर्ती थे। सोमवार को दोस्त से घर की तरफ चक्कर लगाने को कहा था। दोस्त ने जाकर देखा तो घर की लाइट बंद मिली। अज्ञात बदमाश मकान की जाली, ताला व दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। घर में रखे दो सिलेंडर, टीवी, जेवर व 7 हजार नगदी लेकर फरार हो गए।

मंत्री शांति धारीवाल कोटा दौरे पर

कोटा, (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल गुरुवार से तीन दिवसीय कोटा दौरे पर रहेंगे कोटा प्रवास के दौरान मंत्री धारीवाल हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पदयात्रा करेंगे साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। गुरुवार को मंत्री धारीवाल के नेतृत्व में गुरुवार शाम को बोरखेड़ा क्षेत्र के वार्ड 9 में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा में मंत्री धारीवाल और पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल घर-घर पहुंचकर वार्ड वासियों से संवाद करेंगे वही 2 सितंबर को वार्ड नंबर 8 आकाशवाणी बजरंग नगर सहित वार्ड के अन्य क्षेत्रों में सुबह-शाम दो पारियों मे पदयात्रा पहुंचेगी।

रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया

बूंदी (निसं)। मूकबधिर बच्चों ने फाउंडेशन अध्यक्ष रानी रोहिणी व अन्य सदस्यों को राखी-मोली बांधी। फाउंडेशन सदस्यों व बच्चों ने परस्पर रक्षा सूत्र बांध त्योहार मनाया। इस दौरान बच्चे बहुत खुश दिखाई दिए। रानी साहिबा ने मूकबधिर विद्यालय के स्टॉफ सदस्यों से बच्चों की शैक्षिणक/गैर शैक्षिणक गतिविधियों के बारे में चर्चा की साथ ही सभी को रक्षाबंधन के त्योहार की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कामना की रक्षाबंधन पर्व हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव व परस्पर सौहार्द की भावना को और प्रगाढ करें।